**Class: 12th Home Science**
**(Model Question paper 2026-27)**
**अंक योजना-( Detailed Marking Scheme)**

| क्रमांक | खंड - A वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions) | अंक |
|---|---|---|
| 1. | (d) (b) और (c) दोनों द्वारा।<br>Both (b) and (c) | 1 |
| 2. | (d) चिकित्सीय खाद्य पदार्थ<br>Medical foods | 1 |
| 3. | (b) आहार फॉर्टीफिकेशन<br>Dietary Fortification | 1 |
| 4. | (c) निकोलस ऐप्पर्ट<br>Nicolas Appert | 1 |
| 5. | (a) आधी रेखा व बड़ा प्रिंट<br>Half Line and Large Prints | 1 |
| 6. | (a) मानवीय<br>Human | 1 |
| 7. | फ्रांस (France) | 1 |
| 8. | 916 | 1 |
| 9. | ओडिमा (Oedema) | 1 |
| 10. | संकट विश्लेषण महत्वपूर्ण नियंत्रित बिन्दु।<br>Hazard Analysis and Critical Control Point | 1 |
| 11. | 100 किलोग्राम तक के<br>Up to 100 Kg. | 1 |
| 12. | 1986 में<br>In 1986 | 1 |
| 13. | a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(a) Both assertion (A) and reason (R) are correct, and reason (R) is the correct explanation of assertion (A). | 1 |
| 14. | a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | व्याख्या है।<br>(a) Both assertion (A) and reason (R) are correct, and reason (R) is the correct explanation of assertion (A). | |
| 15. | **c)** अभिकथन **(A)** सही है और कारण **(R)** गलत है।<br>(c) Assertion (A) is correct, but reason (R) is incorrect. | 1 |
| | **खंड- ब (Section- B)**<br>**Very Short Answer Type Questions** | |
| 16 | **किशोरों में तनाव के कारण**<br>1. तीव्र गति से होने वाले शारीरिक और भावनात्मक परिवर्तन।<br>2. भविष्य की चिंता।<br>3. माता-पिता से मतभेद तथा साथियों का दबाव।<br>**Causes of Stress among Teenagers**<br>1. Rapid physical and emotional changes.<br>2. Concern about the future.<br>3. Differences with parents and peer pressure. | 1+1 |
| 17 | **खाद्य विषाक्तता (Food Poisoning)**<br>खाद्य पदार्थों को पकाने से उनमें उपस्थित अधिकांश रोगाणु नष्ट हो जाते हैं, परंतु कुछ रोगाणु शेष रह जाते हैं। ये सामान्य तापमान पर खाद्य पदार्थों में हानिकारक विष उत्पन्न कर उन्हें विषाक्त बना देते हैं। इसे **खाद्य विषाक्तता** कहा जाता है।<br>Cooking destroys most of the germs present in food, but some germs may remain. These germs produce harmful toxins at room temperature, making the food poisonous. This condition is known as **food poisoning**. | 02 |
| 18 | आई.एस.आई मार्क, एगमार्क, एफ.पी.ओ, सिल्क मार्क, वूलमार्क तथा इकोमार्क इत्यादि।<br>I.S.I, Agmark, F.P.O, Wool Mark, Ecomark and Silk Mark etc. | ½x4 |
| 19 | **निगमित संप्रेषण** स्थानीय और वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, नियोजकों तथा अन्य व्यक्तियों के साथ संप्रेषण का प्रभावी मार्ग है।<br>Corporate communication is an effective way of communicating with employees, customers, employers, and others at local and global levels. | 02 |

| | | |
|---|---|---|
| | **OR**<br><br>**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसका ध्येय वाक्य **"मैं ही नहीं, आप भी" (Not Me But You)** है। यह छात्रों को समाज सेवा और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है।<br><br>**NSS के अंतर्गत किए जाने वाले प्रमुख कार्य:**<br><br>1. सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य।<br>2. गाँवों में तालाबों का निर्माण।<br>3. तालाबों से खरपतवार निकालना।<br>4. परिवार कल्याण कार्यक्रमों का आयोजन।<br>5. सामूहिक टीकाकरण कार्यक्रमों में सहयोग।<br>6. विद्यालय भवन की सफाई एवं रखरखाव।<br>7. वृक्षारोपण तथा गड्ढे खोदना।<br><br>The National Service Scheme (NSS) is a Central Sector Scheme of the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India. Its motto is **"Not Me But You."** It provides students with opportunities to participate in community service and social development activities.<br><br>**Major Activities under NSS:**<br><br>1. Construction and repair of roads.<br>2. Construction of ponds in villages.<br>3. Removal of weeds from ponds.<br>4. Organising family welfare programmes.<br>5. Assisting in mass immunisation programmes.<br>6. Cleaning and maintenance of school buildings.<br>7. Tree plantation and digging pits. | 1+1 |
| 20 | **इर्गोनॉमिक्स** के निम्नलिखित लाभ हैं-<br><br>1. चोट एवं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करता है।<br>2. कार्य करते समय गलतियाँ कम होती हैं जिससे कार्य को दोबारा करने की आवश्यकता कम हो जाती है।<br>3. उत्पादकता में बढ़ोतरी होती है।<br>4. दक्षता में बढ़ोतरी होती है।<br>5. कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाता है। | 1+1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **Benefits of Ergonomics:**<br>1 Reduces the chances of injuries and accidents.<br>2. Increases the morale of workers.<br>3. There are fewer mistakes while working.<br>4 Productivity increases.<br>5 Reduces absenteeism due to accidents, stress and ill health. | |
| 21 | **फैशन चक्र (Fashion Cycle):** इसका तात्पर्य उस समयावधि से है जब कोई विशेष शैली प्रचलन में रहती है। एक फैशन अपने आगमन से विदाई तक पाँच मुख्य अवस्थाओं से होकर गुजरता है:<br>1. नई शैली का परिचय<br>2. लोकप्रियता का बढ़ना<br>3. चरम लोकप्रियता<br>4. लोकप्रियता का ह्रास<br>5. शैली का अप्रचलित होना<br>**Fashion Cycle** -: This refers to the duration or lifespan of a specific style. A fashion trend progresses through five distinct stages from its inception to its decline.<br>1. Introduction of style<br>2. Increasing popularity<br>3. Peak of acceptance<br>4. Declining interest<br>5. Obsolescence or rejection of style.<br><br>**OR**<br><br>**प्रोटीन-ऊर्जा कुपोषण (Protein-Energy Malnutrition, PEM):** यह प्रत्येक समाज व देश की समस्या है। विकासशील देशों में इसकी समस्या विकसित देशों की तुलना में अधिक है। इसका मुख्य कारण ऊर्जा-प्रोटीन वाले पदार्थों को कम ग्रहण करना है। प्रोटीन और ऊर्जा वाले पदार्थों को कम मात्रा में ग्रहण करने से प्रोटीन- ऊर्जा कुपोषण हो जाता है। बच्चों को प्रोटीन-ऊर्जा कुपोषण से ग्रसित होने का खतरा अधिक होता है। बच्चों में प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण से दो मुख्य रोग होते हैं -<br>1. क्वाशियोरकर<br>2. मरास्मस अथवा सूखा रोग।<br>**P.E.M (Protein-Energy Malnutrition): This condition arises from** insufficient intake of protein and energy-rich nutrients. Children are particularly vulnerable to this form of malnutrition, which primarily | 1+1<br><br>1+1 |

| | | |
|---|---|---|
| | manifests as two distinct clinical conditions:-<br>1. Kwashiorkor<br>2. Marasmus or rickets. | |
| 22 | **रेड रिबन एक्सप्रेस** भारतीय रेलवे द्वारा एड्स एच.आई.वी. जागरूकता अभियान का प्रचारित प्रसारित करने वाली एक ट्रेन है। रेड रिबन एक्सप्रेस एड्स के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए देशव्यापी अभियान था। विशेष रूप से डिजाइन की गई एक रेलगाड़ी 1 वर्ष में 9000 किलोमीटर से अधिक चली और इसने 180 जिले तय किए एवं 43200 गांव में विभिन्न कार्यक्रम एवं क्रियाकलाप का आयोजन किया।<br><br>Red Ribbon Express AIDS/HIV by Indian Railways is a train promoting the awareness campaign. The Red Ribbon Express was a nationwide campaign to create awareness about AIDS. A specially designed train ran more than 9000 kilometres in a year and covered 180 districts and organised various programs and activities in 43200 villages.<br><br>**OR**<br><br>**आयोडीन अल्पता विकार (Iodine Deficiency Disorders - IDD)** उन विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समूह है जो भ्रूण अवस्था से लेकर वयस्क अवस्था तक अपर्याप्त आहारजनित आयोडीन सेवन के कारण उत्पन्न होती हैं।<br>आयोडीन की कमी के कारण थायरॉयड हार्मोन (जो थायरॉयड ग्रंथि द्वारा स्रावित होता है) का पर्याप्त उत्पादन नहीं हो पाता, जिससे प्रभावित व्यक्ति की वृद्धि और विकास प्रभावित होते हैं।<br>आयोडीन की कमी का सबसे सामान्य लक्षण थायरॉयड ग्रंथि का बढ़ जाना है, जिसे **घेंघा (Goitre)** कहा जाता है। इसके अतिरिक्त, गंभीर आयोडीन कमी के कारण क्रेटिनिज़्म (Cretinism) जैसी अवस्था भी हो सकती है, जिसमें मानसिक एवं शारीरिक विकास बाधित हो जाता है।<br><br>**Iodine Deficiency Disorders (IDD) :**<br>Iodine is required for normal mental and physical growth and development. The term 'Iodine Deficiency Disorders' refers to a range of disabling conditions that affect health from the fetal period through adulthood, due to inadequate intake of Iodine.<br>Iodine Deficiency leads to insufficient secretion of thyroid hormone (secreted by the thyroid gland), which in turn affects the growth and development of the affected person.<br>The most common manifestation of Iodine deficiency is an enlarged thyroid gland, known as '**goitre and cretinism.** ' | 02<br><br>02 |
| | **खंड- ग (Section- C)**<br>**Short Answer Type Questions** | |
| 23 | रोगी को भोजन देने का सबसे अच्छा तरीका **मुंह से भोजन देना** है। परंतु यदि रोगी चबा या निगल नहीं सकता, बेहोश है, अथवा उसकी आहार नली में कोई रुकावट है, तो उसे | 1½+1½ |

| | | |
|---|---|---|
| | निम्नलिखित वैकल्पिक विधियों से भोजन दिया जाता है–<br><br>1. **नली द्वारा भोजन (Tube Feeding)**<br>2. **अंतःशिरा द्वारा भोजन (Intravenous Feeding)**<br><br>The best method of feeding a patient is **oral feeding**. However, if the patient is unable to chew or swallow, is unconscious, or has an obstruction in the alimentary canal, the following alternative methods are used:<br><br>1. **Tube Feeding**<br>2. **Intravenous Feeding**<br><br>**OR**<br><br>डिजाइन के सिद्धांत<br><br>1. अनुपात<br>2. संतुलन<br>3. प्रमुखता<br>4. लय<br>5. सामंजस्य<br><br>**Principles of Design:**<br>● Proportion<br>● Balance<br>● Emphasis<br>● Rhythm<br>● Harmony | 1x3 |
| 24 | **अतिथि चक्र Guest Cycle)-:**<br>अतिथि चक्र में वे चरण आते हैं जिनमें कोई व्यक्ति होटल में आता है, रुकता है और चला जाता है। अतिथि चक्र की निम्नलिखित चार अवस्थाएँ हैं:-<br>**1.** आगमन पूर्व अवस्था **(Pre-Arrival Stage)**<br>**2.** आगमन अवस्था **(Arrival Stage)**<br>**3.** कमरे पर आधिपत्य **(Occupancy on Roowhichm)**<br>**4.** प्रस्थान **(Departure)**<br><br>**Guest Cycle:**<br>The guest cycle includes the stages in which a person arrives, stays, and leaves a hotel. The guest cycle has the following four stages:<br>1. Pre-Arrival Stage | 1½+1½ |

| | | |
|---|---|---|
| | 2. Arrival Stage<br>3. Room Occupancy<br>4. Departure<br><br>**OR**<br>बुजुर्गों के संवेदनशील होने के कारण<br><br>**1. वृद्धावस्था में स्वास्थ्य संबंधी कारणः**<br>**(i)** दृष्टि कमजोर होना, मोतियाबिंद एवं आँखों से संबंधित अन्य परेशानियाँ।<br>**(ii)** कम सुनाई देना अथवा बहरापन।<br>**(iii)** जोड़ों के दर्द अथवा गठिया के कारण चलने-फिरने में परेशानियाँ।<br>**(iv)** अपनी देखभाल करने में असमर्थता आदि।<br><br>**2. वृद्धावस्था में सामाजिक-आर्थिक कारणः**<br>**(i)** वृद्ध व्यक्तियों को अकेलेपन की पीड़ा झेलनी पड़ती है।<br>**(ii)** वे अपने को दूसरों पर बोझ बन जाने की भावना से ग्रस्त हो जाते हैं।<br><br>1. **Health-related reasons in old age**:<br>(i) Weakened eyesight, cataracts, and other eye-related problems.<br>(ii) Hearing impairment or deafness.<br>(iii) Mobility issues due to joint pain or arthritis.<br>(iv) Inability to take care of oneself, etc.<br><br>**2. Socio-economic reasons in old age:**<br>(i) Elderly individuals have to endure the pain of loneliness.<br>(ii) They are plagued by the feeling of becoming a burden on others. | 1x3 |
| 25 | **उपभोक्ता अधिकारः** उपभोक्ता अधिकार उन वैधानिक अधिकारों को कहते हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक उपभोक्ता को बाजार से उचित मूल्य पर उत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुएँ और सेवाएँ प्राप्त हों।<br>● सूचना का अधिकार<br>● चयन का अधिकार<br>● सुरक्षा का अधिकार<br>● सुनवाई का अधिकार<br>● क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार<br>● उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार<br><br>**Consumer Rights:** These are the legal rights designed to ensure that all consumers can access high-quality goods and services at fair and reasonable prices. | 1x3 |

| | | |
|---|---|---|
| | <ul><li>Right to Information</li><li>Right to Choose</li><li>Right to Safety</li><li>Right to be Heard</li><li>Right to Redressal</li><li>Right to Consumer Education</li></ul> | |
| 26 | **फैशन डिजाइन एवं व्यापार का महत्व-:**<br>1. फैशन जगत वर्तमान समय में एक वृहद् क्षेत्र बन चुका है। फैशन अभिकल्पना एवं व्यापारिक गतिविधियों में मुख्य रूप से योजना निर्माण, क्रय तथा विक्रय प्रक्रियाओं का समावेश होता है।<br>2. इसके अंतर्गत कच्चे माल, परिधानों एवं विभिन्न सहायक सामग्रियों के निर्माण से जुड़ी विविध प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया जाता है।<br>3. वस्त्र विज्ञान के क्षेत्र में तंतुओं की उपयोगिता तथा उनसे निर्मित होने वाले वस्त्रों की उत्पादन तकनीक का सूक्ष्म ज्ञान अर्जन किया जाता है।<br>4. इसमें फैशन उत्पादों की लक्षित बाजार में समयबद्ध बिक्री, वितरण तथा उनके प्रभावी प्रचार-प्रसार की रणनीतियों को भी सीखा जाता है।<br>**Importance of Fashion Design and Merchandising-:**<br>1. The fashion industry has emerged as a major global sector today. Fashion design and merchandising encompass various aspects such as strategic planning, procurement, and sales operations.<br>2. It involves learning the diverse stages of manufacturing raw materials, garments, and related accessories.<br>3. The curriculum covers textile construction, providing insight into fibres and the technological processes required to transform them into fabrics.<br>4. Furthermore, it includes mastering the marketing and promotion of fashion merchandise within the right market at the appropriate time. | 1x3 |
| 27 | 1. अस्पताल के धुलाईघर में स्वास्थ्य, स्वच्छता और विसंक्रमण का विशेष ध्यान रखा जाता है।<br>2. जिन अस्पतालों में संक्रमण का खतरा अधिक होता है, वहाँ प्रायः उपयोग के बाद फेंक देने वाली सामग्री **(Disposable Items)** का प्रयोग किया जाता है।<br>3. उपयोग के बाद फेंकी गई सामग्री को जलाकर नष्ट कर दिया जाता है।<br>4. अस्पतालों में अधिकांश कपड़े सूती और रंगीन होते हैं, जबकि कंबल प्रायः ऊनी होते हैं।<br>5. सूती वस्त्रों को सामान्यतः प्रतिदिन धोया जाता है।<br>6. इन कपड़ों पर स्टार्च लगाने, सफेदी लाने तथा इस्त्री करने पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता।<br>1. Special attention is given to health, hygiene and disinfection in hospital laundries. | 1x3 |

| | | |
|---|---|---|
| | 2. In hospitals where the risk of infection is high, disposable materials are commonly used.<br>3. These discarded materials are usually destroyed by burning.<br>4. Most hospital linens are made of cotton and are coloured, while blankets are generally woollen.<br>5. Cotton articles are usually washed daily.<br>6. Special finishes such as starching, whitening and ironing are generally not given much importance. | |
| 28 | जन स्वास्थ्य पोषण, अध्ययन का वह क्षेत्र है जिसमें पोषण संबंधी बीमारियों तथा समस्याओं के नियंत्रण द्वारा अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है।<br>भारत 'कुपोषण का दोहरा भार' उठा रहा है, अर्थात् यहाँ अल्पपोषण और अतिपोषण दोनों ही व्यापक रूप से पाए जाते हैं<br>Public Health Nutrition (PHN) is the science and art of preventing disease, prolonging life, and promoting health through nutrition. India is said to face "the double burden of malnutrition," the coexistence of both under-nutrition and over-nutrition<br>**OR**<br>बैठकों, भ्रमण यात्राओं, लेखों, लिखित सामग्री के वितरण या प्रदर्शनियों द्वारा किसी विशेष उद्देश्य के लिए प्रयास करना अभियान कहलाता है। स्त्रियों के विरूद्ध होने वाले अपराध तथा शोषण के अभियान के लिए नारा 'चुप मत रहो, अब मत सहो' अथवा 'कठिन यह राह है, पर शोषित होना भी गुनाह है।<br>A campaign is an effort to achieve a specific goal through meetings, field trips, articles, distribution of written materials, or exhibitions. The slogan for campaigns against crimes and exploitation against women is "Don't remain silent, don't suffer anymore," or "This path is difficult, but being exploited is also a crime." | 03<br><br>1½+1½ |
| 29. | मुख्य रूप से आहार दो प्रकार के होते हैं -<br>1. नियमित आहार<br>2. संशोधित आहार<br>**नियमित आहार**- : वह आहार होता हैं जो सभी प्रकार के भोजनों को सम्मिलित करता हैं और स्वस्थ व्यक्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, नियमित आहार कहलाता है।<br>**संशोधित आहार -**: ऐसा आहार जो रोगी की चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से समायोजित किया जाता है, **संशोधित आहार** कहलाता है।<br>There are mainly two types of diets –<br>1. Regular diet<br>2. Modified diet<br>**Regular diet**: A diet which includes all types of food and fulfils the needs of healthy people is called a Regular diet.<br>**Modified Diet -:** A diet which is specially adjusted to meet the medical needs of the patient is called a modified diet | 1½+1½ |

| | खंड - द ( Section D)<br>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न<br>**Long answer type questions** | |
|---|---|---|
| 30. | 1. मिलावटी वस्तुएँ – वस्तुओं में मिलावट करके बेचना।<br>2. कम तौल या कम माप – निर्धारित मात्रा से कम वस्तु देना।<br>3. नकली या घटिया वस्तुएँ – असली ब्रांड के नाम पर नकली सामान बेचना।<br>4. अधिक मूल्य वसूलना – **MRP** से अधिक कीमत लेना।<br>5. अपूर्ण लेबल।<br><br>1. Adulteration – Selling goods mixed with inferior substances.<br>2. Underweight or Short Measure – Providing less quantity than promised.<br>3. Fake or Substandard Goods – Selling poor-quality products.<br>4. Overcharging – Charging more than the printed MRP.<br>5. Incomplete Label | 1x5 |
| 30 | **a). कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग (CAC)** एक अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानक संस्था है, जिसकी स्थापना **मई 1963** में **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)** तथा **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।<br><br>The Codex Alimentarius Commission(CAC) is an inter-governmental international food standards body established jointly by the Food and Agriculture Organization (FAO) and the World Health Organisation (WHO) In May 1963.<br><br>**b). ऋणात्मक रंग योजना** में ऐसे तीन रंगों का प्रयोग किया जाता है, जो रंग चक्र में एक दूसरे से समान दूरी पर होते है, जैसे नारंगी -हरा और बैंगनी, पीला -हरा -नीला।<br>**Triadic/Triad Colour Scheme:** This is a combination of three hues that lie equidistant from one another on the Colour Wheel. Red, blue, and yellow are examples of a triadic colour scheme. | 2½+2½ |
| 31. | **खाद्य संसाधन और खाद्य संरक्षण की उपयोगिता एवं महत्व**<br>1. बहुमूल्य समय की बचत।<br>2. भोजन में विविधता लाना।<br>3. भोज्य पदार्थों को सड़ने-गलने से रोकना।<br>4. स्टोरेज एवं ट्रांसपोर्टेशन को सरल बनाना।<br>5. समय और धन की बचत।<br>**Importance of Food Processing and Food Preservation**<br>1. Efficient time management.<br>2. Enhances dietary variety.<br>3. Inhibits food decomposition.<br>4. Facilitates easier storage and logistics. | 1x5 |

| | | |
|---|---|---|
| | 5. Saving time and money.<br>**OR**<br><br>**आहार चिकित्सा में आहार विशेषज की भूमिका-:**<br><br>1. रोगियों को पोषण संबंधी सलाह देना तथा तकनीकी जानकारी को सरल आहार निर्देशों में बदलना।<br>2. गर्भावस्था, शैशवावस्था, बाल्यावस्था और वृद्धावस्था आदि जीवन के विभिन्न चरणों में स्वस्थ व्यक्तियों को आहार संबंधी परामर्श देना।<br>3. रोगियों एवं स्वस्थ व्यक्तियों को अच्छा स्वास्थ्य और पोषण स्तर बनाए रखने के लिए सलाह देना।<br>4. विभिन्न रोगों से पीड़ित रोगियों के लिए पोषण एवं आहार चिकित्सा प्रदान करना।<br>5. ऑपरेशन से पहले और बाद में रोगियों को पोषण संबंधी सहायता देना।<br>6. बीमारी के भोजन की स्वीकृति और उपयोग पर पड़ने वाले प्रभाव का अवलोकन करना।<br><br>**Role of Dietitian/ Therapist in Diet Therapy**<br><br>1. To provide nutritional advice to patients and simplify technical information into dietary guidelines.<br>2. To give dietary guidance to healthy individuals at different stages of life, such as pregnancy, infancy, childhood and old age.<br>3. To provide nutrition-related advice for maintaining good health and nutritional status.<br>4. To provide nutrition and diet therapy for patients suffering from various diseases.<br>5. To provide nutritional support to pre-operative and post-operative patients.<br>6. To observe the effect of illness on food acceptance and utilisation. | 1x5 |
| | | |